Industrial Training Institute

Skill India
कौशल भारत - कुशल भारत

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

कार्यालय प्राचार्य शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था नारायणपुर
जिला-नारायणपुर (छ.ग.)

Email :– witi.npur@gmail.com **Phone No :- (07781)252455**

क्रमांक/ 316 /स्था./मेह.प्रव./म.औ.प्र.सं./2019 नारायणपुर, दिनांक 19/ 06/ 2019

प्रति,

संयुक्त संचालक
जनसंपर्क कार्यालय, नारायणपुर (छ.ग.)।

विषय :- प्रेस विज्ञप्ति कराने बाबत्।

---00---

शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था नारायणपुर जिला-नारायणपुर (छ0ग0) में **व्यवसाय- स्टेनोग्राफी हिन्दी एवं हॉस्पिटल हाऊस कीपिंग** में प्रशिक्षण कार्य पूर्ण कराये जाने हेतु रिक्त पद के विरूद्ध मेहमान प्रवक्ता (Guest Lecturer) के लिए आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में दिनांक 06/07/2019 सायं 5.00 बजे तक आमंत्रित किए जाने के संबंध में प्रदेश स्तर पर समाचार पत्रों में निम्नानुसार विज्ञप्ति प्रकाशित करने का कष्ट करें।

प्राचार्य
शास. महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था
नारायणपुर, जिला-नारायणपुर(छ0ग0)

पृ0 क्रमांक/317 /स्था./मेह.प्रव./म.औ.प्र.सं./2019 नारायणपुर, दिनांक 19/ 06/ 2019

प्रतिलिपि :-

1. संयुक्त संचालक (प्रशि.) औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थायें, क्षेत्रीय कार्यालय बस्तर क्षेत्र जगदलपुर की ओर सादर सूचनार्थ।
2. जिले की वेबसाईट (एनआईसी) एवं www.gstate.gov.in में विज्ञप्ति (हार्ड एवं सॉफ्ट कॉपी) अपलोड किये जाने हेतु।
3. सूचना पटल शासकीय महिला आई.टी.आई. नारायणपुर में चस्पा हेतु।

प्राचार्य
शास.महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था
नारायणपुर,जिला-नारायणपुर (छ0ग0)

Industrial Training Institute

Skill India
कौशल भारत - कुशल भारत

कार्यालय प्राचार्य शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था नारायणपुर
जिला–नारायणपुर (छ.ग.)

E-mail:-witi.npur@gmail.com Phone No--(07781)252455

क्रमांक/316 /स्था./मेह.प्रव./म.औ.प्र.सं./2019 नारायणपुर, दिनांक 19/ 06/ 2019

:: विज्ञप्ति ::

शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था नारायणपुर जिला–नारायणपुर (छ0ग0) में **व्यवसाय- स्टेनोग्राफी हिन्दी एवं हॉस्पिटल हाऊस कीपिंग** में प्रशिक्षण कार्य पूर्ण कराये जाने हेतु रिक्त पद के विरूद्ध मेहमान प्रवक्ता (Guest Lecturer) के लिए आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में दिनांक 06/07/2019 सायं 5.00 बजे तक आमंत्रित किए जाते हैं। उम्मीदवारों की शैक्षणिक योग्यताएं एवं निर्धारित मापदण्ड निम्नानुसार है :-

क्र.	व्यवसाय/विषय	रिक्त पद	शैक्षणिक/तकनीकी अर्हता
1	स्टेनोग्राफी हिन्दी (Stenography Hindi)	01	1. किसी मान्यता प्राप्त मंडल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण अथवा पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण। 2- अभ्यर्थी को व्यवसाय-स्टेनोग्राफी हिन्दी में मान्यता प्राप्त मण्डल/राष्ट्रीय व्यवसायिक प्रशिक्षण परिषद् से राष्ट्रीय व्यवसाय प्रमाण-पत्र/शीघ्रलेखन (शॉर्टहैण्ड) मुद्रलेखन में 100 शब्द प्रति मिनट की गति, उत्तीर्ण प्रमाण-पत्र। 3- किसी मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एण्ट्री ऑपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाण पत्र। 4. उपरोक्त योग्यताधारी आवेदक उपलब्ध ना होने पर व्यवसाय-स्टेनोग्राफी हिन्दी में मान्यता प्राप्त मण्डल/राष्ट्रीय व्यवसायिक प्रशिक्षण परिषद् से राष्ट्रीय व्यवसाय प्रमाण-पत्र/शीघ्रलेखन (शॉर्टहैण्ड) मुद्रलेखन में 80 शब्द प्रति मिनट की गति उत्तीर्ण प्रमाण-पत्र। किसी मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एण्ट्री ऑपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाण पत्र धारी को मेरिट के आधार पर चयन हेतु विचार किया जायेगा। 5. संबंधित व्यवसाय में व्यवहारिक अनुभव होना चाहिए।
1	हॉस्पिटल हाऊस कीपिंग (Hospital House Keeping)	01	1 मान्यता प्राप्त संस्था से हाईस्कूल प्रमाण पत्र परीक्षा या उसके समतुल्य कोई अन्य परीक्षा उत्तीर्ण हो। 2 अभ्यर्थी को व्यवसाय हॉस्पिटल हाऊस कीपिंग में राष्ट्रीय व्यवसायिक प्रशिक्षण परिषद् से राष्ट्रीय व्यवसाय प्रमाण पत्र या राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाण पत्र या मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या बोर्ड से पब्लिक हेल्थ/बायो साईंस/फिजियोलॉजी/नर्सिंग में उपाधि/पत्रोपाधि उत्तीर्ण। 3 संबंधित व्यवसाय में व्यवहारिक अनुभव होना चाहिए।

अंको का निर्धारण एवं चयन प्रक्रिया :-

आई.टी.आई. के प्राप्तांक का 60 अंक, अप्रेंटिसशिप के प्राप्तांक का 15 अंक, ए.टी.आई./ सी.टी.आई. प्राप्तांक का 10 अंक, डिप्लोमा या डिग्री का 75 अंक, अनुभव के अधिकतम 15 अंक (05 अंक प्रतिवर्ष के हिसाब से)। **यह अनुभव शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था का मान्य किया जायेगा। अनुभव में ऐसे निजी संस्थाओं के अनुभव को भी मान्य किया जाएगा जो अप्रेंटिसशिप के अंतर्गत आते हैं।** आवेदकों को इस बाबत् प्रमाण पत्र आवेदन के साथ प्रस्तुत करना होगा कि प्रतिष्ठान अप्रेंटिसशिप के अंतर्गत आता है।

नियम एवं शर्ते :-

1. आवेदक को छत्तीसगढ़ राज्य का स्थानीय निवासी होना अनिवार्य है।
2. वांछित प्रमाण पत्रों एवं अंकसूची की छायाप्रतियां स्व-प्रमाणित प्रति सहित उम्मीदवार का आवेदन दिनांक 06-07-2019 तक पंजीकृत डाक/स्पीट पोस्ट एवं स्वयं के द्वारा **कार्यालय, प्राचार्य शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था नारायणपुर, जिला-नारायणपुर(छ.ग.)** में अनिवार्य रूप से प्राप्त होना चाहिए।
3. विलम्ब से प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा। उम्मीदवार कार्यालय में कार्यालय अवधि में स्वयं उपस्थित होकर भी आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं।
4. संस्था का पूरा विज्ञापन नारायणपुर जिला के वेबसाईट **www.narayanpur.gov.in** से डाउनलोड कर सकते हैं।
5. आवेदक को निर्धारित आवेदन पत्र में आवेदन करना होगा एवं उसमें नवीनतम पासपोर्ट साईज का फोटोग्राफ आवेदन पत्र में निर्धारित स्थान पर चिपकाया जावें, जो कि स्वप्रमाणित हो।
6. आवेदक का न्युनतम आयु 01/01/2019 की स्थिति में 18 वर्ष से कम एवं 40 वर्ष से अधिक नही होना चाहिए। छ.ग.शासन द्वारा अधिकतम आयु सीमा में छुट संबंधी समय-समय पर जारी आदेश लागू होगें। समस्त छूटों को शामिल करते हुए अधिकतम आयु 45 वर्ष से अधिक नही होना चाहिए।
7. आवेदन पत्र में आवेदित व्यवसाय का नाम लिखना अनिवार्य है।
8. अपूर्ण एवं अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण होने के कारण निरस्त किये गये आवेदन के संबंध में उम्मीदवार को कोई सूचना नहीं दी जावेगी तथा ऐसे आवेदन पत्रों को अमान्य कर दिया जावेगा।
9. चयन मेरिट आधार पर होगा। चयन सूची महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था नारायणपुर के सूचना पटल पर चस्पा की जावेगी। चयनित आवेदकों को नियुक्ति पत्र नहीं दिया जावेगा। दूरभाष आदि द्वारा सूचना के आधार पर आमंत्रण स्वीकारते हुए प्रशिक्षण कार्य सम्पन्न कराना होगा। आवेदक स्वयं भी चयन के संबंध में पता करते रहे।
10. संचालक रोजगार एवं प्रशिक्षण रायपुर के निर्देशानुसार प्रशिक्षण देने हेतु प्रति-घंटा रू. 100/- की दर से, प्रति कार्य दिवस अधिकतम 5 घण्टा प्रति कार्यदिवस अथवा अधिकतम प्रतिमाह 10,000/- रूपये मानदेय का प्रावधान है।
11. चयनित उम्मीदवारों के पद के विरूद्ध यदि शासन द्वारा नियमित/स्थानांनतरण/संविदा नियुक्ति की जाती है तो मेहमान प्रवक्ता की यह नियुक्ति स्वयमेव समाप्त हो जावेगी।
12. अनुभव शासकीय/अर्धशासकीय संस्थान का अनुभव मान्य होगा। संबंधित संस्थान/प्रतिष्ठान के अप्रेंटिसशिप एक्ट के अंतर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है। आवेदकों को इस आशय का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा कि प्रतिष्ठान अप्रेंटिसशिप एक्ट के अंतर्गत आता है।
13. कार्य संतोषजनक नहीं पाए जाने पर मेहमान प्रवक्ता की नियुक्ति बिना किसी सूचना के समाप्त करने का अधिकार संस्था प्रमुख के पास होगा।
14. किसी भी प्रकार की विवाद की स्थिति में संयुक्त संचालक(प्रशि), औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाएं क्षेत्रीय कार्यालय बस्तर क्षेत्र जगदलपुर का निर्णय अंतिम एवं बंधनकारी होगा।

प्राचार्य
शास.महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था
नारायणपुर, जिला-नारायणपुर (छ0ग0)

मेहमान प्रवक्ता हेतु आवेदन पत्र

पासपोर्ट साइज फोटो
स्वहस्ताक्षरित होना
चाहिए

प्रति,

प्राचार्य,
शासकीय महिला औ.प्र.सं. नारायणपुर
जिला-नारायणपुर (छ.ग.)

1. आवेदित व्यवसाय का नाम :- .....
2. आवेदक/आवेदिका का नाम :- .....
3. पिता/पति/माता का नाम :- .....
4. जन्मतिथि (अंको में) :- .....
5. पत्र व्यवहार के लिए पता :- .....
   :- .....
6. स्थाई पता :- .....
   :- .....
7. मोबाईल नंबर (अनिवार्य) :- .....
8. राष्ट्रीयता :- .....
9. श्रेणी (सामा./अजा/अजजा/अपिव) :- .....
10. शैक्षणिक योग्यता (पद के निर्धारित न्यूनतम योग्यता से शुरू करें):-

क्र.	परीक्षा का नाम	उत्तीर्ण वर्ष	बोर्ड/विवि का नाम/आई.टी.आई.	व्यवसाय/विषय	पूर्णांक/प्राप्तांक	प्रतिशत

11. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन क्रमांक :- .....

12. अनुभव :-

विभाग/संस्था का नाम	पदनाम	कार्य की अवधि कब से	कार्य की अवधि कब तक	कार्य की प्रकृति
1	2	3	4	5

संलग्न :- 1..... 2..... 3.....

4..... 5..... 6..... 7.....

आवेदक का हस्ताक्षर

घोषणा-पत्र

मैं ..... घोषणा करता हूँ/करती हूँ कि इस आवेदन पत्र में दी गई सूचनाएं मेरे सर्वोत्तम विश्वास एवं जानकारी के अनुसार सत्य, पूर्ण सही हैं। मेरी जांच/साक्षात्कार के पूर्व या उसके बाद कोई सूचना या जानकारी गलत या असत्य पाए जाने पर या अपात्रता का पता चलने पर मेरी उम्मीदवारी निरस्त हो जाएगी तथा भर्ती संबंधी मेरे सभी दावे समाप्त हो जाएंगे।

आवेदक का हस्ताक्षर

स्थान :- .....

दिनांक :- .....

नाम :- .....

पता :- .....

.....

.....